हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026

06 फुटपाथ की जगह बनाई जा रही नाली बिना पोल...



07 नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी व जनहित के मुद्दों पर...





## खबर संक्षेप

### शराब दुकान हटाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन

**इटारसी।** ग्राम पथरौटा में स्थित देशी-विदेशी कंपोजिट शराब दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग एक बार फिर जोर पकडऩे लगी है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुँचे ग्रामवासियों ने एसडीएम नीलेश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर दुकान का स्थान परिवर्तन करने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा सौंपे पत्र के अनुसार, रूपाली सोनी के नाम से संचालित इस शराब दुकान के समीप ही राजर्षि दुबे ने एक अन्य दुकान खोली है, जहां लोग अवैध रूप से बैठकर शराब पीते हैं। दुकान मंदिर के रास्ते पर स्थित है, जिससे सुबह-शाम दर्शन के लिए जाने वाली महिलाओं को शराबियों की अश्लील टिप्पणियों और अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इस स्थिति का विरोध किया, तो संचालकों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट की गई।

### लापरवाही पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

**नर्मदापुरम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम के द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर बनखेड़ी के आमगांव की आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता शशि पटेल की सेवा समाप्त कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर प्री-स्कूल एजुकेशन अंतर्गत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी।

### जांच में 9899 मूंग की बोरी गायब मिले थे वेयरहाउस से

# एकलव्य वेयरहाउस संचालिका-प्रतिनिधि पर 6 दिन के बाद एफआईआर हुई दर्ज

**माखननगर के चीलाचोन स्थित एकलव्य वेयरहाउस में हजारों क्विंटल मूंग गायब होने का मामला जिले के सबसे बड़े घोटालों में सामने आया है। हरिभूमि की खबर के बाद वेयरहाउस प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखननगर के चीलाचोन स्थित एकलव्य वेयरहाउस में हजारों क्विंटल मूंग गायब होने का मामला जिले में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है । इस सनसनीखेज घोटाले की खबर को हरिभूमि ने 14 फरवरी प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद अब दोषियों के विरोध एफआईआर दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि की खबर के बाद वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स के अधिकारी सक्रिय हुए और मंगलवार की शाम अधिकारियों ने माखननगर थाने पहंचकर लिखित आवेदन टीआई को सौंपा और मामला दर्ज करने की बात कही। वहीं पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने जिक्र किया कि गोदाम में 10,000 बोरे मूंग गायब और ताले बदले गए।





यह आवेदन मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन शाखा माखननगर के प्रबंधक हेमंत चंदेल ने माखननगर टीआई को दिया जिसमें जिक्र किया कि एकलव्य एग्रो केयर एण्ड वेयरहाउस में 62,694 बोरे मूंग भंडारित थे, लेकिन निरीक्षण में लगभग 10,200-10,300 बोरे गायब पाए गए।

#### दो दिन जारी रही जांच

वेयरहाउस कार्पोरेशन अधिकारियों से थाना प्रभारी ने ग़ायब मूंग की बोरी की वास्तविक संख्या बताने पर एफआईआर दर्ज करने की बात थी। जिसके पर अधिकारियों ने दो दिन वेयरहाउस में जांच की और पुलिस को बताया 9899 बोरी गायब है।

#### अमानत में ख़यानत का मामला किया पंजीबद्ध

बोरियों में छेड़छाड़ कर अमानक स्कंध मिलाई गई हैं। उन्होंने संचालिका और प्रतिनिधि पर चोरी औरअमानत में खयानत का आरोप लगाया। जांच में पाया गया कि गोदाम के ताले बदले गए, सीसीटीवी कैमरे बंद थे और चौकीदार अनुपस्थित था। गोदाम संचालिका आरती तोमर और उनके प्रतिनिधि अमित तोमर चौकीदार अमन कोल पर सरकारी संपत्ति में हेरा-फेरी और अमानत में खयानत का आरोप लगाया है।

#### यह था पूरा घटनाक्रम

- 13 फरवरी को वेयरहाउस शाखा पबंधक ने वेयरहाउस संचालक को व्हाट्सएप मैसेज कर वेयरहाउस में उपस्थित होने का नोटिस दिया था।
- 14 फरवरी रात 12:00 बजे वेयरहाउस संचालिका आरती तोमर ने माखन नगर थाने में शाखा पबंधक के विरुद्ध शिकायती आवेदन दिया।
- 14 फरवरी को गोदाम संचालक और प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं होने पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गोदाम का ताला खोला गया।जिसमें स्टॉक अस्त व्यस्त पाए गए और मूंग की बोरी गायब थी। इसके बाद प्रशासनिक और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में गणना की गई और एफआईआर दर्ज की गई है।

#### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

माखननगर थाने में शुक्रवार को फरियादी क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल सोरठे ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर 6 दिन के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 115 /20/02/ 2026 बी एन एस की धारा 316(3)316(5)3(5) में संचालिका आरती तोमर पति नरेंद्र सिंह तोमर प्रतिनिधि अमित तोमर चौकीदार अमन कोल के एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मप्र के भविष्य को सशक्त बनाने वाला बजटः मंत्री उदयप्रताप सिंह





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश सरकार का बजट सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए ब्लू प्रिंट है, जो विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के विजन डाक्यूमेंट का रूप लेता है। यह बजट मध्यप्रदेश के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्यबनाने में सहायक होगा। बजट में प्रधानमंत्री मोदी के चार प्रमुख वर्ग गरीब,युवा, अन्नदाता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई है,जो प्रदेश के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी।

पीएम मोदी के संकल्प के अनुरूप, मध्यप्रदेश सरकार ने गरीबों के जीवन स्तर में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। उक्त बातें शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मध्यप्रदेश बजट घोषित होने पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के स्कूली शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह, महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला उपस्थित रहे। मंत्री सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के बजट में न तो कोई नया कर लगाया गया है, न ही लोक कल्याणकारी योजनाओं में किसी प्रकार की कटौती की गई है। वर्ष 2026-27 का मध्यप्रदेश बजट कृषि, महिला सशक्तिकरण, युवा कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, और समाज के हरवर्ग के लिए समर्पित है।

#### किसानों को दी सौगात

मध्यप्रदेश सरकार के इस ऐतिहासिक बजट के लिएमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को बधाई देताहूं। किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि, बीमा योजनाएं,और सौर ऊर्जा पंप जैसी योजनाओं का प्रावधानकिया गया है, जो कृषि क्षेत्रके विकास को बढ़ावा देंगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। महिलाओं के लिए पेंशन योजनाएं और आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए वित्तीय प्रावधान किया गया है, जो उनके जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्तबनाने में मदद करेगा।

## सांसद माया नारोलिया ने गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस भेंट के दौरान राष्ट्रहित और जनसेवा से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। मुलाकात के दौरान सांसद नारोलिया ने सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले अभिनव प्रयोग 'भारत टैक्सी' जैसे प्रकल्पों के लिए मंत्री शाह का विशेष रूप से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से परिवहन क्षेत्र में यह पहल न केवल सेवा के नए आयाम स्थापित करेगी, अपितु 'विकसित भारत' की गौरवमयी यात्रा में एक 'शुभंकर' (मंगलकारी) कदम सिद्ध होगी।

## बाल विवाह की थी तैयारी प्रशासन ने रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर प्रशासन ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र में दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह रुकवाए हैं। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर सहित पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष मेहनत रही। महिला बाल विकास विभाग से सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि ग्राम बैगनिया में नर्मदा प्रसाद की नाबालिग पुत्री का विवाह रुकवाया गया है। नर्मदा प्रसाद वंशकार निवासी ग्राम बैगनिया की नाबालिग पुत्री का बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा द्वारा तत्काल कार्यवाही की। उन्होंने शोभापुर पुलिस चौकी से आरक्षक राहुल पदाम एवं एनआरएस गजेंद्र अहिरवार के साथ नर्मदा प्रसाद के घर पहुंच कर जानकारी ली। जिस



बालिका की शादी है, उसकी उम्र 16 वर्ष छह माह सात दिन है। अतः बालिका के माता पिता व सभी परिजनों को बाल विवाह रोकने की समझाईश देकर पंचनामा बनाया गया। जिसमें सभी के हस्ताक्षर लिए गए। वहीं ग्राम रेवा मुहारी में भी विनोद केवट की पुत्री का जन्म दिनांक पांच फरवरी 2009 का है। उनको भी पुत्री का कम आयु में विवाह नहीं करने की समझाइश दी गई।

## सेवा भारती ने संस्कार केंद्र की शिक्षिकाओं दीदीयों को दिया स्वाबलंन के लिए प्रशिक्षण

### सेवा बस्तियों को आदर्श बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा भारती जिला नर्मदापुरम द्वारा संघ कार्यालय में संस्कार केंद्र की शिक्षिका दीदियों के लिए एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नर्मदापुरम, सिवनी मालवा और माखननगर की शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

#### संस्कार केंद्र से किया जाएगा बस्तियों का कायाकल्प

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश सांवरिया, सचिव लक्ष्मण बैस, और विभाग समन्वय शिव प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया।

सतीश सांवरिया ने जिले में चल रहे सेवा कार्यों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि संस्कार केंद्रों के माध्यम से ही सेवा बस्तियों को आदर्श बनाया जा सकता है। द्वितीय सत्र में अंजू पासी ने शिक्षिकाओं को पाठ्यक्रम का कंठस्तीकरण कराया।



#### आत्मनिर्भरता और सेवा पर जोर

समापन सत्र में शिव प्रताप सिंह और बाल कल्याण समिति सदस्य सारिका कटरे ने निवेदिता भारती, किशोर भारती और वैभवश्री जैसे प्रकल्पों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बैठकों और नियमित प्रशिक्षण से बस्तियों को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर संदीप रघुवंशी, लोकेश साहू, इटारसी नगर अध्यक्ष राजेंद्र तोमर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिला सचिव लक्ष्मण बैस ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**योजनान्तर्गत नर्मदापुरम के 3 बच्चों का अहमदाबाद में हुआ सफल ऑपरेशन**

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत जेपी चिकित्सालय भोपाल में सत्यसांई हॉस्पिटल अहमदाबाद द्वारा आयोजित बाल हृदय स्वास्थ्य शिविर में नर्मदापुरम से 25 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ जेपी हॉस्पिटल भोपाल पहुँचे। जिनमें से 19 बच्चे हृदय रोग सर्जरी हेतु चयनित किये गये हैं। डॉ उमेश सिंह आरबीएसके चिकित्सा अधिकारी के साथ 3 बच्चे हृदय रोग सर्जरी कराने के लिए अहमदाबाद हेतु रवाना हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत



11 वर्ष पिता भागीरथ अहिरवार महुआखेड़ाखुर्द सोहागपुर, हरिबाई 8 वर्ष पिता मोहन सिंह किशनपुर भौंखेड़ीकला सोहागपुर, दिशा महोविया 7 वर्ष पिता अमित महोविया वार्ड नं 01 इटारसी का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत संपन्न हुआ। सभी बच्चे तथा उनके परिजन सफल ऑपरेशन उपरांत सकुशल रेलवे के माध्यम से वापस जिले में पहुंचे। बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कलेक्टर सोनिया मीना, सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत, जिला समन्वयक कविता साल्वे सहित समस्त जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र नर्मदापुरम स्टॉफ का आभार व्यक्त किया है।

### टास्क फोर्स समिति की बैठक 25 फरवरी को होगी आयोजित

**नर्मदापुरम।** आयुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में नर्मदापुरम संभाग के वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई है।

## विधायक ठाकुरदास नागवंशी के प्रयास से फिर बिछेगा सड़कों का जाल

**पिपरिया।** पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बजट वर्ष 26-27 मे लोकनिर्माण कार्य अनुदान की मांग को लेकर अनेकानेक ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दी है। जानकारी अनुसार खापरखेड़ा सरपंच की मांग पर खापरखेड़ा से चांदौन, कुडारी रिछैडा, मालहनबाडा मार्ग 32 किलोमीटर , बनखेड़ी उमरधा, मथानी, साडियां मार्ग 3 किलोमीटर, माथनी से सेमरीतला 2 किलोमीटर, नगबाडा, खरचुली पतरकुही मार्ग 2 किलोमीटर, शोभापुर रोड मढिया से कुमहाबंड मार्ग पौसेरा से महलवाडा आदि मार्ग को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। इस विकास कार्य के लिए विधायक नागवंशी ने मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री वित्त मंत्री, सहित सभी सरकारी तंत्र का आभार व्यक्त किया गया।



### 180 से अधिक बीटों में जुटे 500 कर्मचारी, पूर्व सर्वे में मिले थे 200 से अधिक गिद्ध

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गिद्धों की गणना हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश की पर्यटन तथा बाघ संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वैश्विक स्तर पर विलुप्त हो चले गिद्ध भी पाए जाते हैं। इन गिद्धों की गणना का कार्य शुक्रवार 20 फरवरी से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में प्रारंभ किया गया है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार रिजर्व क्षेत्र सहित मप्र में 20फरवरी से गिद्धों की गणना शुरू हो गई है। शीतकालीन गिद्ध गणना का यह तीन दिवसीय कार्य प्रतिदिन सुबह सात से नौ बजे तक दो घंटे किया जाएगा। गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए गिद्ध गणना वर्ष 2025-26 पूरे प्रदेश में 20 फरवरी से शुरू हुई है। जिसके चलते एसटीआर के 186 बीटों में करीब 500 अधिकारी



कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें एकाग्रता के साथ जुट गई हैं। गणना में संलग्न रिजर्व कर्मी क्षेत्र में बैठे हुए गिद्धों और उनके आश्रय की गणना कर डाटा तैयार कर रहा है।

#### यहां हो रही गणना

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्रांतर्गत पचमढ़ी, मटकुली, पिपरिया, मढ़ई, बागड़ा बफर, चूरना सहित सभी क्षेत्रों की 186 बीटों में टीमों को भेजा गया है।

गणना दलों द्वारा पहाड़ों की चोटियों पर बैठे हुए गिद्धों को दूरबीन से देखकर उनकी प्रजाति की पहचान की जा रही है। बताया जाता है कि मात्र बैठे हुए गिद्धों को ही गणना में शामिल किया जाता है। लेकिन यदि घोंसले के आसपास गिद्ध उड़ते पाए जाते हैं, तो उन्हें भी विशिष्ट स्थिति मानते हुए गणना में शामिल किया जाएगा। दूर आकाश में उड़ते गिद्धों को काउंटिंग में शामिल नहीं करेंगे। इसके अलावा यह भी देखा जा रहा है कि गिद्धों का घोंसला किस तरह का है, उसमें चूजे हैं या नहीं।

#### गत सर्वे में 208 गिद्ध

बताया जाता है कि एसटीआर में पूर्व में हुए सर्वे में गिद्ध आश्रय वाले स्थानों पर अधिक देखे गए थे। तथा उनकी जानकारी एकत्र की गई थी। इसके आधार पर ही इस बार का गणना कार्य किया जाएगा। एसटीआर सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी आशीष खोब्रागढ़े ने बताया तीन दिन तक गणना चलेगी। जिसके बाद एसटीआर में गिद्धों की संख्या जारी की जाएगी। जिसके बाद पिछले वर्ष मिली गिद्धों की संख्या से मिलान किया जाएगा। रिजर्व सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले वर्ष की गणना में गिद्धों की संख्या 208 पाई गई थी।

#### न्यूनतम दो कर्मचारी

रिजर्व की सभी 186 बीटों में इस वर्ष गणना की जा रही है। प्रत्येक दल में दो कर्मचारी शामिल हैं। सभी दलों को दूरबीन भी दिए गए हैं।

**आशीष खोब्रागढ़े,** सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी गिद्ध गणना कार्य, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व।

**नपा ने किया संकल्प से समाधान अभियान शिविर**

## नागरिकों ने कर जमा किया और समस्याओं का समाधान कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उससे लाभांवित करने के उद्देश्य से वार्ड में संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को कोठी बाजार स्थित पोस्ट आफिस के सामने शिविर लगाया गया था। जिसमें वार्ड 07, 08, 09, 10, 11, 12 के नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं का समाधान भी कराया साथ ही कर जमा कर किया गया।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत आपके द्वार नगरपालिका की टीम पहुंच रही है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में वार्ड उपयंत्री रीना गुप्ता, राजस्व शाखा से हरिश गोस्वामी, एआरआई आदि उपस्थित थे। श्री गोस्वामी ने बताया कि आज शिविर में नागरिकों अच्छी रुचि दिखाई और 3 लाख 54 हजार से अधिक के नागरिकों द्वारा कर जमा किए गए। जिसमें चैक की राशि भी शामिल है। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि 23 फरवरी को मंडी गेट



के सामने शंकर मंदिर के पास आईटीआई पर वार्ड 13, 14,15, 16, 17 और 18, 24 फरवरी को एसपीएम गेट 4 के सामने वार्ड 20, 21, 22, 23, 24, 25, 25 फरवरी काली मंदिर चौक ग्वालटोली में वार्ड 29, 30, 31, 32, 33 और वार्ड 19 के लिए शिविर लगाए जाएंगे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत आपके द्वार नगरपालिका की टीम पहुंच रही है। सभी वार्डों में शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जिसमें नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान कराएं साथ ही अपने टैक्स जमा कर नगर विकास में सहभागी बनें। आपके द्वारा दिए गए टैक्स से ही नगर विकास संभव हो पाता है।

## खबर संक्षेप

### बैतूल प्रवास पर रहेंगे प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल 21 और 22 फरवरी को बैतूल जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री पटेल 21 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे भोपाल से बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 1.30 बजे बैतूल सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे ग्राम मेहदगांव में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 7 बजे श्री पटेल जुवाड़ी पोस्ट घोड़ाडोंगरी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस बैतूल में रहेगा। प्रभारी मंत्री श्री पटेल 22 फरवरी को बैतूल में स्थानीय कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री पटेल दोपहर 2 बजे बैतूल से भोपाल के लिए प्रस्थान कर शाम 5 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### मुलताई के घाटबिरोली में मिला युवक का शव

**बैतूल।** शुक्रवार को मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम घाटबिरोली में एक अज्ञात युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर दुनावा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। मृतक केवल अंडरगार्मेंट पहने हुए था, जिसमें नीली चड्डी और सफेद बनियान शामिल थी। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार के अनुसार, शव गांव के समीप एक सुनसान स्थान पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में शव चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे आशंका है कि युवक की मौत कुछ दिन पहले हुई होगी। दुनावा चौकी पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की और मर्ग कायम किया। शव को नगर पालिका के वाहन से मुलताई के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां उसे पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। एसआई सरयाम ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मृतक के शरीर पर किसी स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और पड़ोसी गांवों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो या मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी मिले, तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या दुनावा चौकी से संपर्क करें। इससे मृतक की पहचान कर मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिलेगी।

### सारणी में ईसीएचएस कक्ष का शुभारंभ

**बैतूल।** रक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्व सैनिकों को प्रदान किए जाने वाले ईसीएचएस स्वास्थ्य लाभ अब और सुलभ हो गए हैं। चिकित्सालय, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी परिसर में शुक्रवार को ईसीएचएस कक्ष का उद्घाटन मुख्य अभियंता श्री सुशील कुमार लिल्होरे की उपस्थिति में किया गया। अब तक पूर्व सैनिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए महीने में एक बार दूरस्थ स्थान पर आयोजित मोबाइल क्लिनिक का सहारा लेना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत अब वायु सेना स्टेशन आमला की ईसीएचएस मोबाइल क्लिनिक प्रतिमाह सीधे सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी परिसर में संचालित होगी। ईसीएचएस मोबाइल क्लिनिक में एम्बुलेंस, चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था रहेगी। इस पहल से क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें नियमित चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवाइयाँ अपने निवास क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। इस अवसर पर कैप्टन आई एन श्री सुमीत सिंह से.नि., जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बैतूल, अतिरिक्त एडिशनल चीफ इंजीनियर राजीव गुप्ता, यूनिट प्रभारी एनएस सिंह, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजय कुमार रघुवंशी, ईसीएचएस डॉ. संगीता पंवार सहित पूर्व सैनिक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### नपा की लापरवाही, हादसों का कारण बन रहे निर्माण कार्य

# फुटपाथ की जगह बनाई जा रही नाली बिना पोल हटाए कर दिया सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से नपा के जिम्मेदारों की कथित लापरवाही और भर्राशाही के कई प्रकरण सामने आ चुके हैं, उससे शहर में ज्यादातर जगहों पर अव्यवस्थाएं और असुविधा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में कई जगहों पर नगरपालिका द्वारा किए जा रहे निर्माण से केवल लोगों को असुविधा और अव्यवस्थाएं ही नहीं हो रही है, बल्कि नगरपालिका के जिम्मेदारों की कारगुजारियों से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है, या इसे सीधे तौर पर कहें तो नगर पालिका तकनीकी विभाग की लापरवाही से शहर में लोगों की जान भी जा सकती है। यहां हैरानी इस बात की है कि आखिर हादसों को निमंत्रण देते इस तरह की पुल, पुलिया, सड़क बनाकर आखिर नगरपालिका के जिम्मेदार क्या करना चाहते हैं और उस पर सबसे बड़ा सवाल तो पूरी परिषद पर है कि इस तरह की अदूरदर्शिता और दुर्घटना को आमंत्रित करते इस तरह के निर्माण के बाद भी परिषद कर क्या रही है।



#### मोक्षधाम जाने वाले मार्ग पर हादसों वाली पुलिया

यहां सबसे पहले मोक्षधाम मार्ग पंचवटी हनुमान मंदिर के पीछे बीते वर्ष बनाई गई पुलिया की बात करें तो यहां बनाई गई एक पुलिया प्रतिदिन ही किसी बड़े हादसे को आमंत्रित कर रही है। इस पुलिया को जिस तरह से बनाया गया है, उसे देखकर कोई भी कह देगा कि ये पुलिया किसी अनाड़ी या फिर किसी बच्चों ने खेल के दौरान इस पुलिया का निर्माण किया होगा। जैसा कि हमें यहां के गणेश पवार, गुड्डू वर्मा, हितेश सोनी सहित अन्य कई लोगों ने बताया है कि यहां मोक्षधाम वाली सड़क से गुजरते समय हमेशा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इसके अलावा यहां जिस तरह से पुलिया का निर्माण हुआ है। उस पर लोगों ने जिम्मेदारों पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करने की मांग भी की है।

#### मंगल भवन इलाके में बिजली का पोल हटाए बिना बनाई सड़क

शहर के मंगल भवन इलाके में यहां तो नपा के जिम्मेदारों ने इंजीनियरिंग का बेहद अजीबोगरीब नमूना पेश किया है यहां बिजली का पोल हटाए बिना ही नगर पालिका ने सड़क बना दी है, यहां भी लगातार हादसे हो रहे हैं, इलाके के लोग कई बार शिकायत भी कर चुके हैं, किंतु जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इधर शहर के बस स्टैंड इलाके में यहां नपा एक बड़ी नाली का निर्माण कर रही है। लोगों ने बताया है कि नगर पालिका नाली का निर्माण फुटपाथ की जगह पर कर रही है, जैसा कि यहां के लोगों ने बताया है कि अगर फुटपाथ की जगह पर नाली बनेगी तो शहर का मुख्य मार्ग सकरा हो जाएगा, अभी यहां पर डिवाइडर भी लगना है, ऐसे में अगर सड़क संकरी होगी तो फिर निश्चित ही यहां हादसों को रोका नहीं जा सकता है। इस मौके पर यहां के कई लोगों ने ये भी आरोप लगाया है कि फुटपाथ की जगह पर सड़क बनाने के पीछे किसी खास लोगों पर नगर पालिका मेहरबानी कर रही है, या फिर इस पूरे प्रकरण में कहीं सौदेबाजी भी हुई है।

#### सुधार किया जाएगा

मोक्षधाम वाले मार्ग पर शिकायत के बाद यहां एस्टीमेट बनाया गया है जल्दी ही यहां सुधार कर दिया जाएगा, इसके अलावा फुटपाथ वाली जगह पर नाली निर्माण के काम को फिलहाल तत्काल प्रभाव से रोका जा रहा है।

- सुभाष शर्मा,
सब इंजीनियर, नपा आमला

### 42 लाख से होगा नवीनीकरण कार्य

## ताप्ती सरोवर स्लूज गेट व शनि तालाब सौंदर्यकरण के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी मुलताई की प्रमुख आस्था स्थली ताप्ती सरोवर और शनि तालाब के स्लूज गेट मरम्मत तथा सौंदर्यकरण कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब शीघ्र ही ताप्ती सरोवर के स्लूज गेट के नवीनीकरण और शनि तालाब के घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरवासी लंबे समय से क्षतिग्रस्त स्लूज गेट से हो रहे जल रिसाव और शनि सरोवर के घाटों की बिगड़ती स्थिति के सुधार की मांग कर रहे थे। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से मुख्यमंत्री विशेष निधि से कुल 42 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। नगर पालिका द्वारा पूर्व में भी स्लूज गेट निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन किसी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई थी। दूसरी निविदा प्रक्रिया के बाद यह कार्य सतना निवासी अरुण प्रताप सिंह को सौंपा गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सरोवर का जलस्तर घटते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर की जल संरचना सुदृढ़ होगी तथा धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, सभापति डॉ. जी.ए. बारस्कर, मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लंबे समय से यह मांग विधायक के समक्ष रखी जा रही थी।

#### इनका कहना है

ताप्ती सरोवर के स्लूज गेट एवं शनि तालाब के सौंदर्यकरण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। गेट निर्माण का ठेका अरुण प्रताप सिंह, सतना को दिया गया है। जलस्तर कम होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

महेश शर्मा,
उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई

## बस स्टैंड पर पुतला दहन को लेकर हंगामा

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बस स्टैंड पर कांग्रेस एवं पुलिस के बीच उसे वक्त तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन का प्रयास कर रहे थे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच करीब आधे घंटे तक जोरदार खींचतान और झूमाझटकी हुई। अंततः पुलिस पुतला अपने कब्जे में लेकर चली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव और प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संजय यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में बस स्टैंड पहुंचे थे। कार्यकर्ता भारत-अमेरिका ट्रेड डील, मनरेगा में बदलाव, नेता प्रतिपक्ष पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी और प्रदेश के तीन मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस से झड़प के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में लगाए गंभीर आरोप ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश की कृषि व्यवस्था पर सीधा आघात है। इससे छोटे, सीमांत और मध्यम किसान तथा व्यापारी असमान प्रतिस्पर्धा में फंस जाएंगे और देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर होगी। मनरेगा के नाम और नियमों में बदलाव को कांग्रेस ने गरीब विरोधी कदम बताया। पार्टी का आरोप है कि इससे कामगारों के अधिकार प्रभावित होंगे।

#### मंत्रियों के इस्तीफे की मांग

ज्ञापन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी का भी विरोध दर्ज कराया गया। साथ ही कफ सिरप से हुई मौतों, सेना अधिकारी एवं महिलाओं पर कथित अभद्र टिप्पणी और दूषित जलप्रदाय से हुई मौतों के मामलों में संबंधित मंत्रियों—राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह और कैलाश विजयवर्गीय—के इस्तीफे की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में अरुण यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव, प्रहलाद सिंह ठाकुर, सुमित शिवहरे ,किशोर सिंह परिहार, लोकेश यादव, राजू पवार दुनावा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, धनराज पवार ,नितेश साहू, सुमित शिवहरे, पिंटू ठाकरे जीवन डोंगरे, लोकेश यादव, रितेश शर्मा,आशीष सोनी, कपिल खंडेलवाल, प्रकाश सेवतकर, जीवन डोंगरदिऐ, पिंटू ठाकरे, महेश नागले एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे

### वार्ड 10 में हुआ संकल्प से समाधान अभियान का शिविर

**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 20 फरवरी को वार्ड 10 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के कई आवेदन आए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 10 में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद शिवकली बबलू नर्रे, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, संतोष सोनारिया, चंद्रमणि सोनी, राकेश सोनी आंगनबाडी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के कई आवेदन आए।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट वकीलों के सम्मान व सुरक्षा के लिए जरूरी

## वकीलों का सम्मान सर्वोपरी: राधेलाल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ आमला द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता का अभिनंदन किया गया तथा भगवान आदियोगी शिव कि प्रतिमा उपहार स्वरूप दी गई। महिला अधिवक्ताओं ने शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। अधिवक्ता संघ आमला की ओर से एडीजे कि नियुक्ति का मुद्दा उठाया गया।



श्री गुप्ता ने आश्वासन दिया कि वह सोमवार को ही इस संबंध में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति से मुलाकात कर आमला में शीघ्र अपर सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति पदस्थापना के लिए कार्रवाई करेंगे। युवा अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था एवं मध्यस्थता केंद्र सहित विभिन्न मुद्दों को जब श्री गुप्ता को बताया। उन्होंने कहा कि वकीलों का सम्मान सबसे ऊपर है, इस संबंध में वह कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर अधिवक्ताओं के सम्मान और उनकी सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाई शिवाजी जयंती



**बैतूल।** वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर शाम को शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष सैंकड़ों दीप प्रज्वलित किए गए साथ ही पुष्प वर्षा की गई। इस मौके वरिष्ठ समाजसेवी बीआर खंडागरे ने बताया कि एक वीर मराठा योद्धा जिसने हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की। अनगिनत लड़ाइयां लड?र, ढेरों बार मुगलों को हराकर सैकड़ों किले फतह किए। इसी दिन उस शिवाजी का जन्म हुआ था जिसे फादर ऑफ इंडियन नेवी भी कहते हैं। शिवाजी ये बस एक नाम नहीं, इतिहास के पन्नों में दर्ज पूरी गाथा है। युद्धनीति, वीरता और मराठा साम्राज्य की गाथा। छत्रपति शिवाजी महाराज वो नाम है, जो भारत के कोने-कोने में बसा ही है। भारत में आज भी शिवाजी की कहानियां गूंजती हैं। बाबा माकोड़े ने कहा कि शिवाजी महाराज ऐतिहासिक कहानी उस मराठा योद्धा की है जिसने मुगलों को इतनी बार हराया, इतने वार किए कि कई मुगल शासक तो उनके नाम से भी थर-थर कांपते थे। शिवाजी की नीतियां हमेशा किसानों और महिलाओं के पक्ष में होती थीं। कार्यक्रम का संचालन सरिता राठौर ने और आभार दिनेश मस्की, ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपक राठौर, डॉ.एनआर साबले, रवि माकोड़े, तपन मालवीय, कृष्णा वागद्रे, गोपाल साहू, भगवत चढ़ोकार, मधु मस्की, नरेन्द्र गावंडे, वसंत वागद्रे, मुन्ना मानकर, केआर देशमुख, बीआर गलफट, संगीता देशमुख, साक्षी शर्मा, सेवंती माकोड़े, अशोक धोनी, कृष्णा वागद्रे आदि मौजूद थे।

## कुंडी पंचायत में ग्रामवासी पानी के लिए हो रहे परेशान




**शाहपुर।** ग्राम पंचायत कुंडी में ग्रामवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेंद्र बटके और अन्य ग्रामवासियों ने बताया कि उनके ग्राम कुंडी में लगभग 15 दिनों से नल नहीं आये है। जिससे ग्रामवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। 15 दिनों से उनके नलों में जल नहीं आ रहा है। जिसकी सूचना ग्राम पंचायत कुंडी को कई बार दी। ग्राम पंचायत कुंडी के सरपंच वीरेंद्र सिंह उईके ने बताया कि नल जल योजना की मोटर जली हुई है। जिससे ग्राम में पानी की सप्लाई विगत दिनों से बंद है। उन्होंने कहा कि 2 दिन में नल जल योजना चालू करा दी जाएगी। लोगों ने बताया कि हैंडपंप में भी पानी बराबर नहीं आ रहा है। पानी को लेकर ग्रामीण परेशान है।

### 12वीं के 2619 विद्यार्थियों ने 53 केंद्रों पर दी परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में कक्षा 12वीं का एनएसक्यूएफ विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र वरकड़े ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 53 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 2650 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 2619 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 31 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 7 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को कक्षा 12वीं का अकाउंटेंसी विषय की परीक्षा 50 केंद्रों पर आयोजित होगी।

### सबसे कम पंजीयन आमला ब्लॉक में, 28 फरवरी तक गिरदावरी शत प्रतिशत होने की उम्मीद

# जिले में 75 प्रतिशत गिरदावरी, गेहूं के 1081 पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए 42 केंद्रों पर पंजीयन किया जा रहा है, लेकिन जिलेभर में अभी तक 1081 किसानों ने कुल 2409.97 हेक्टेयर रकबे के लिए पंजीयन कराया है। इसके पीछे का प्रमुख कारण यह है कि गिरदावरी का काम पूरा नहीं हुआ है। गिरदावरी का काम 21 जनवरी से शुरू हुआ था और अभी तक मात्र 75 फीसदी ही काम हो पाया है। दूसरी तरफ पंजीयन के लिए किसानों को 7 मार्च तक का समय दिया गया है। बता दे कि शासन ने रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 7 फरवरी से पंजीयन कराने के निर्देश जारी किये है। इन आदेशों के पालन में प्रशासन द्वारा जिले में 42 केंद्रों पर पंजीयन भी शुरू करा दिए। पंजीयन से पहले गिरदावरी जरूरी है। गिरदावरी यानी किसानों ने अपने कौन से रकबे में कौन सी फसल बोई है। यह जानकारी गिरदावरी के माध्यम से ही खसरों पर दर्ज की जाती है। इसके बाद ही किसान पंजीयन करा सकते हैं। गिरदावरी का काम 28 फरवरी तक पूरा करना है। लेकिन जिस गति से काम किया जा रहा है, वह काफी धीमी है। ऐसे में समय अवधि में काम पूरा नहीं हुआ तो किसान पंजीयन नहीं करा पाएंगे और उन्हें समर्थन मूल्य में अपनी उपज बेचने से वंचित रहना पड़ेगा।



#### कहां कितने हुए पंजीयन

| ब्लॉक | पंजीयन |
|---|---|
| बैतूल | 231 |
| शाहपुर | 172 |
| मुलताई | 166 |
| भैंसदेही | 108 |
| आठनेर | 99 |
| प्रभातपट्टन | 95 |
| घोड़ाडोंगरी | 74 |
| चिचोली | 55 |
| भीमपुर | 49 |
| आमला | 32 |

#### जिले में 1400 से अधिक सर्वेयरों पर गिरदावरी की जिम्मेदारी

गिरदावरी यानी किसान ने किस रकबे में कौन सी फसल की बोवनी की है। यह जानकारी सभी गांवों के हर खेत से एकत्रित की जाती है। इसके लिए शासन द्वारा जिले में 1488 से अधिक सर्वेयर तैनात किए हैं। इन्हीं सर्वेयरों को रबी फसलों की गिरदावरी का काम सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि इस बार गेहूं का पंजीयन और गिरदावरी साथ- साथ चल रही है। इसके चलते समस्या अधिक गहरा गई है। बताया जा रहा है कि किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, निजी साइबर कैफे और सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च तय है। इधर गिरदावरी 28 फरवरी तक पूरी करना है। पंजीयन के दौरान किसानों को भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड और अन्य फोटो पहचान- पत्र अनिवार्य है।

#### बैतूल नगर में 60 फीसदी गिरदावरी

जिले के 10 तहसीलों में अब तक 75 प्रतिशत गिरदावरी का काम किया जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के घोड़ाडोंगरी तहसील में 71, आठनेर में 78, मुलताई 75, बैतूल ग्रामीण 72, बैतूल नगर 60, चिचोली 71, भीमपुर 79, शाहपुर 82, आमला 78, प्रभातपट्टन 70 और भैंसदेही में 71 प्रतिशत गिरदावरी यानी कुल 75 प्रतिशत गिरदावरी का काम हुआ है। शेष गिरदावरी का कार्य जारी है। उम्मीद है कि 28 फरवरी तक जिले में शत प्रतिशत गिरदावरी का कार्य पूर्ण हो जायेगा। जबकि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 7 मार्च तक किसान पंजीयन करा सकते है।

#### इनका कहना है

जिले में समर्थन मूल्य में गेहूं बेचने के लिए 1081 किसानों का पंजीयन हुआ है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है।

- **केके टेकाम**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, बैतूल

**CHANGE OF NAME**

I **SEETA** is Legally wedded spouse of No.- 14637788N Rank- EX HAV, Name- **Nand Kishor Ghadekar** resident of Vill.- Andhariya, Post- Andhariya, Teh.- Multai (Amla), Distt.- Betul (M.P.) Pin- 460551, have changed my Name from **SEETA** to **SEETA GADEKAR** vide affidavit Dt. 19/02/2026 before attested 1st class magistrate Amla, Distt.- Betul (M.P.)

**CHANGE OF NAME**

I No.- 14637788N Rank- EX HAV, Name- **Nand Kishor Ghadekar** resident of Vill.- Andhariya, Post- Andhariya, Teh.- Multai (Amla), Distt.- Betul (M.P.) Pin- 460551, have changed my Daughter's Name from **GUNJAN** to **GUNJAN GADEKAR** Vide affidavit dated 19/02/2026 before attested 1st class magistrate Amla, Distt.- Betul (M.P.)

## जिले भर में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

# नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी व जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्रियों का पुतला फूंका

जनहित विरोधी नीतियों एवं मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के विरुद्ध हुई टिप्पणी के फलस्वरूप जिलेभर में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। नर्मदापुरम के विभिन्न शहरों में सरकार के मंत्रियों के पुलते जलाए गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को इटारसी में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस और आदिवासी विकास परिषद के नेतृत्व में शहर के जयस्तंभ चौक और पुरानी इटारसी में प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, कैलाश विजयवर्गीय और विजय शाह का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

### जयस्तंभ चौकः सरकार की विफलता पर घेराव

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित मुख्य प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून व्यवस्था से त्रस्त है। प्रशासनिक तंत्र की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार का चरम पर है। यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला, युवा कांग्रेस प्रवक्ता गुफरान अंसारी, ओम सेन, मुन्ना सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आदिवासी विकास परिषद विजयवर्गीय के विरुद्ध आक्रोश

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रति मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा उपयोग की गई कथित असंसदीय भाषा और धमकी भरे लहजे को लेकर आदिवासी समाज में गहरा रोष देखा। जयस्तंभ चौक पर एडवोकेट राजू उईके जिला अध्यक्ष, आदिवासी विकास परिषद छात्र प्रभाग के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आदिवासी समाज के गौरव उमंग सिंघार का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीर परते, मयूर जायसवाल, गज्जू तिवारी, नेहा चावरे, नवल पटेल और अन्य पार्षद व पदाधिकारी।

### युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन



युवा कांग्रेस ने भी मोर्चा संभालते हुए पुरानी इटारसी और जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन किया। पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल के मार्गदर्शन और जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी गोल्डी व आकाश कुशराम के नेतृत्व में बड़बोले बयानों के विरोध में पुतला फूंका गया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मयंक चौरे और सेवादल अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

### मंगलवारा चौराहे पर कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्रियों के पुतले जलाए



**पिपरिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत के नेतृत्व में उग्रप्रदर्शन करते भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोपी लगाते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वनमंत्री विजय शाह के पुतले जलाए गए एवं नारेबाजी की। जिसमें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के खिलाफ आवाज बुलंद की। समस्त पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगार, किसानों की बदहाल स्थिति, बिगड़ती कानून व्यवस्था, छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत सीरप पीने से, इंदौर में भागीरथ वार्ड में पीने के पानी से हुई घटनाओं को लेकर सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान हरीश बेमन, फहीम अब्दुल्ला, मटकुली ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, राहुल ऊईके, सहित अन्य पूर्व के पदाधिकारियों की अनुपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भ्रष्टाचार व 'अहंकारी मंत्रियों' का पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

प्रदेश सरकार के खिलाफ डोलरिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में डोलरिया बस स्टैंड पर आयोजित इस प्रदर्शन में मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सोलंकी ने किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार आम लोगों की जान ले रहा है और सरकार के मंत्री अहंकार में संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री के पास स्वास्थ्य मंत्रालय भी है, लेकिन जहरीली सीरप से दर्जनों बच्चों की मौत के बाद भी जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जितेंद्र सोलंकी ने कहा कि "प्रदेश में जहरीले पानी से हुई मौतें प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं। यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की जवाबदेही तय न करने का उदाहरण है।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न तो न्यायपालिका की सुन रही है और न ही आम जनता की।

उन्होंने मंत्री विजय शाह पर सेना के प्रति आपत्तिजनक भाषा के उपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की आन-बान-शान के लिए प्राण न्योछावर करने वाली सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के प्रति "सड़कछाप भाषा" इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत बताया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सोलंकी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस "दंभी और अहंकारी सरकार" को उखाड़ फेंकने के लिए सड़कों पर संकल्प के साथ संघर्ष करना होगा। प्रदर्शन में संजय परिहार, राजकुमार तोमर, नवल पटेल, सरपंच लाडली पटेल, अभिषेक पटेल, प्रदीप गौर, आशीष राजपूत, सियाराम यादव, संतोष राजपूत, पंकज चौधरी, विनोद राजपूत, रानू बुंदेला, देवेंद्र पटेल, रंजीत चौधरी, अन्नू चौरे, भानु सोलंकी, देवेंद्र राजपूत, टिल्लू मालवीय, शुभम पटेल, राहुल चौरे, विकास सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नपा ने गर्मियों में टैंकरों से पानी सप्लाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

### नेता प्रतिपक्ष सिद्दीकी ने बताया तानाशाहीपूर्ण आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एक नए फरमान ने इटारसी में सियासी और सामाजिक गलियारों में उबाल ला दिया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 11 नवंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिए निर्देशों के बाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी ने आदेश जारी कर ग्रीष्मकाल में ट्रैक्टर-टैंकरों से जल प्रदाय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

### क्या है विवादित आदेश?

नगर पालिका इटारसी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, नगरीय प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए हैं कि 6 माह के भीतर शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को पूर्णतः व्यवस्थित किया जाए। यदि ग्रीष्मकाल में टैंकरों के माध्यम से पानी का वितरण किया गया, तो संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, टैंकरों द्वारा किए गए कार्य का भुगतान भी निकाय द्वारा नहीं किया जाएगा।

### जनहित के विरुद्ध है फैसला

नगर पालिका परिषद इटारसी की नेता प्रतिपक्ष रफतजहां सिद्दीकी ने इस आदेश की घोर निंदा करते हुए इसे तानाशाही करार दिया है। उन्होंने कहा इटारसी के 34 वार्डों में से कई वार्ड ऐसे हैं जहां पाइपलाइन या स्थायी जल व्यवस्था नहीं है। हर वर्ष गर्मी में शहर में प्रतिदिन लगभग 200 टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाती है, फिर भी पूर्ति नहीं हो पाती। ऐसे में टैंकर बंद करना जनता को प्यासा मारने जैसा है।

**प्रमुख आपत्तियां और चिंताएं**

- **वैकल्पिक व्यवस्था का अभाव:** कई क्षेत्रों में आज भी टैंकर ही एकमात्र सहारा हैं। बिना इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किए टैंकर बंद करना न्यायोचित नहीं है।
- **अधिकारियों पर दबाव:** निलंबन की चेतावनी के कारण अधिकारी टैंकर बुलाने से डरेंगे, जिससे संकट और गहराएगा।
- **जनता की उपेक्षा:** सिद्दीकी का आरोप है कि भारी बहुमत से बनी सरकार अब जनता के विरुद्ध ही फैसले ले रही है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है।
- नगर पालिका के इस आदेश ने गर्मी आने से पहले ही शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। विपक्ष का कहना है कि सरकार को जीवन देने वाले आदेश जारी करने चाहिए न कि जीवन समाप्त करने वाले। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस आदेश पर पुनर्विचार करता है या शहर की जनता को इस भीषण गर्मी में बूंद-बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

### सेमरी हरचंद में अवैध रेत परिवहन करते ट्राली पकड़ाई



**सेमरी हरचंद।** सेमरी हरचंद पुलिस एवं राजस्व द्वारा अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त की है। जानकारी अनुसार रेत की ये ट्रालियां माखननगर की ओर से आ रही थी। पुलिस द्वारा रेत रॉयल्टी की रसीद मांगने पर ट्रैक्टर चालकों के पास रॉयल्टी नहीं मिली। जिस स्थिति में पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया ने रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया। जिला खनिज अधिकारी कृष्णकांत सिंह परस्ते, नायब तहसीलदार रणजीत सिंह चौहान एवं एस आई आकाशदीप पचाया द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन करते पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली मालिकों पर खनिज विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही की जाएगी।

## आरपीएफ जवान की मुस्तैदी से बची महिला की जान, चलती ट्रेन से उतरते समय टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर बुधवार सुबह आरपीएफ जवानों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। मुंबई-हावड़ा मेल से उतरने के प्रयास में एक महिला यात्री की जान जोखिम में आ गई थी, जिसे ड्यूटी पर तैनात जवानों ने अपनी सूझबूझ से सुरक्षित बचा लिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

18 फरवरी, बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे मुंबई-हावड़ा मेल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर पहुंची। ट्रेन के चलने के दौरान स्लीपर कोच के गेट पर खड़ी एक महिला यात्री घबराकर चिल्लाने लगी और चलती ट्रेन से ही उतरने का प्रयास करने लगी। महिला को असंतुलित होकर गिरते देख वहां तैनात आरपीएफ जवान हरप्रताप परमार और बलराम यादव ने तत्परता दिखाई।

### मौत के मुंह से खींच लाए जवान

दोनों जवानों ने फुर्ती से दौड़कर महिला का हाथ पकड़ा और उसे सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर उतार लिया। यदि समय रहते आरपीएफ जवान सहारा नहीं देते, तो महिला ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस सकती थी, जिससे उसकी जान भी जा सकती थी।



**गलत ट्रेन में बैठने के कारण लिया जोखिम**

आरपीएफ द्वारा पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम ममता 40 वर्ष, पिता योगेंद्र दास बताया। महिला ने स्वीकार किया कि उसे छपरा जाना था, लेकिन गलती से वह मुंबई-हावड़ा मेल में बैठ गई थी। अपनी गलती का एहसास होने पर उसने घबराहट में चलती ट्रेन से उतरने का आत्मघाती फैसला ले लिया था।

**सोशल मीडिया पर मिल रही प्रशंसा**

घटना का 35 सेकंड का वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। नागरिक आरपीएफ जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना कर रहे हैं और उन्हें सच्चा रक्षक बता रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने भी यात्रियों से अपील की है कि वे चलती ट्रेन में चढने या उतरने का जोखिम कतई न उठाएं।

## कृषि वैज्ञानिकों ने किया प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मनोहर नेचुरल फार्म जमनी सरोवर सोहागपुर पर गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर से वैज्ञानिकद्वय डॉ. संजीव गर्ग एवं डॉ. देवीदास पटेल उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्राकृतिक पद्धति से उगाई जा रही गेहूं, काली सेम, टमाटर, चिया सीड्स, हल्दी, कसूरी मेथी एवं आम की फसलों का निरीक्षण किया। मनोहर कृषि फार्म संचालक एवं क्षेत्र के प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक सुभाष पटेल ने दोनों वैज्ञानिकों को जीवामृत खाद एवं प्राकृतिक खाद के माध्यम से सब्जी तथा फसल उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक कीटनाशकों एवं जीवामृत आदि के उपयोग की विधियों को भी विस्तार से देखा और सराहना की। वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती के सकारात्मक परिणामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पद्धति मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण एवं किसानों की आय वृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी है। भ्रमण के अंत में मनोहर नेचुरल फार्म परिवार की ओर से दोनों वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## बिरसा मुंडा शास. महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव 'विविधा-2026' में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में शुक्रवार, 20 फरवरी को वार्षिक उत्सव 'विविधा-2026 जहां शिक्षा मिले संस्कृति से' का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया।

### विद्यार्थियों के हुनर का मंच है विविधा

स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा, कला और कौशल को दुनिया के सामने लाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर इटारसी के प्रसिद्ध गायक भरत गायकवाड़ ने मेरे देश की धरती देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### उपलब्धियों का उत्सव और सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वर्षभर आयोजित युवा उत्सव और भारतीय ज्ञान परंपरा की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**विशेष सम्मान:** कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों और स्टूडेंट ऑफ द ईयर को विशेष पुरस्कार दिए। प्राचार्य ने समस्त महाविद्यालय स्टाफ को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक रंग:** विद्यार्थी विशाल भलावी, शिवानी धुर्वे और नेहा धुर्वे ने लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु चौरसिया और डॉ. प्रवीण कुमार कुशवाहा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कामधेनु पाटोदिया, जोसलिन कुजूर, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज एवं डॉ. सौरभ तिवारी ने, आभार प्रदर्शन डॉ. सतीश ठाकरे ने किया।

### कायाकल्प रोड पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के कारण सिमटा स्टेट हाईवे

# कायाकल्प सड़क, अब हुई अवैध पार्किंग व दुकान विस्तार का स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा बनाई गई कायाकल्प रोड स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के लिए थी। लेकिन अब इस रोड पर अवैध पार्किंग के साथ दुकानें सजाई जाती हैं। जिसके कारण हाइवे पूर्व की भांति चौड़ाई में सिमट गया है। सोहागपुर नगर परिषद ने स्टेट हाईवे की चौड़ाई बढ़ाने के लिए लगभग दो वर्ष पहले हाईवे की उत्तर-पश्चिम दिशा में कायाकल्प रोड बनाई थी। 15 से 18 फीट चौड़ी सड़क के निर्माण के पीछे मंशा थी कि शहर में हाईवे पर यातायात सुधरे। लेकिन अब कायाकल्प रोड अवैध पार्किंग का क्षेत्र बन चुकी है तथा इस पर दुकानों की सामग्री रखी जाती है।

उल्लेखनीय है कि जायसवाल पेट्रोल पंप से पलकमती नदी पुल के मारूपुरा क्षेत्र के सिरे तक हाईवे चौड़ीकरण किया गया था। जहां पहले कच्ची सड़क हुआ करती थी, वहां सीमेंट रोड नगर परिषद ने बनाई। इसके बाद हाईवे की चौड़ाई दोगुनी हुई। लेकिन वास्तविकता यह है कि हाईवे की चौड़ाई अब भी वैसी ही है, जैसी कायाकल्प रोड निर्माण के पहले हुआ करती थी। क्योंकि सीमेंटेड रोड का उपयोग व्यापारियों ने दुकानों के विस्तार के लिए तथा लोगों ने अवैध पार्किंग के लिए करना शुरू कर दिया है। हाईवे किनारे की अधिकतर दुकानें अब कायाकल्प रोड पर फैला दी जाती हैं। नागरिक भी अपने दोपहिया तथा चौपहिया वाहन कायाकल्प रोड पर पार्क करते हैं। तथा शहर में स्टेट हाइवे पर यातायात की बाधा आज भी रोड निर्माण के पहले की भांति होती ही रहती है।

### नई रोड का भी होगा यही हाल

सुना है कि सोहागपुर नप अब स्टेट हाईवे के दक्षिण-पूर्व क्षेत्र में पुनः चौड़ीकरण के लिए कायाकल्प रोड बना रही है। जिसका कुछ हिस्सा बनाया भी जा चुका है। नागरिकों का कहना है कि अब नई वाली कायाकल्प रोड का हाल भी वही होगा, जो पुरानी वाली का हुआ है। आमजनों के अनुसार इस नई रोड पर भी व्यापारी दुकान विस्तारित कर लेंगे। तथा वाहनों की अवैध पार्किंग भी की जाएगी। परिणामतः स्टेट हाईवे की चौड़ाई उतनी ही रह जाएगी जितनी कायाकल्प सड़कों के निर्माण के पहले हुआ करती थी। नागरिकों के अनुसार सड़क पर अवैध पार्किंग, व्हीकल रिपेयर पॉइंट व दुकान विस्तार ना होने दिया जाए। ताकि हाईवे पर यातायात बाधित ना हो। साथ ही जाम भी ना लगे।



**पूरी सड़क बदहाल**

नागरिकों का कहना है कि शहरी क्षेत्र में नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव मंदिर से लेकर पिपरिया मार्ग स्थित नई तहसील तक स्टेट हाईवे की स्थिति खराब है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की अवैध पार्किंग की जाती है तथा दुकानों का विस्तार कर दिया जाता है। जिसके कारण आवाजाही की बाधा स्टेट हाईवे पर बनती रहती है। एक और जहां मैरिज गार्डन्स के कारण अवैध पार्किंग होती है तथा गार्डन संचालक सामग्री हाईवे किनारे शासकीय भूमि पर पटकते हैं। वहीं वाहनों की अवैध पार्किंग व दुकानों के अनाधिकृत विस्तार के कारण 12 महीने 24 घंटे हाईवे पर यातायात प्रभावित होता है। स्टेट हाईवे की बदहाली के बाद भी प्रशासन की खामोशी पर नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं।

**नोटिस दिए हैं**

दुकानों के सड़क तक विस्तार को लेकर हमने नोटिस दिए हैं। हमारी टीम सड़क पर लगाई जाने वाली दुकानों पर कार्रवाई करेगी। सड़क की चौड़ाई योजना अनुसार पर्याप्त रखने के प्रयास किए जाएंगे।

**धर्मेंद्र शर्मा,** सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर

## भाकिसं 27 फरवरी को जिला स्तर पर करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर भारतीय किसान संघ तहसील माखननगर कउी मासिक बैठक स्थानीय कृषि उपज मंडी में रखी गई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान उपस्थित रहे। दीवान ने बताया कि 27 फरवरी को जिले में भारतीय किसान संघ का आंदोलन होना है जिसके बारे में कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर किसानों को आंदोलन के लिए तैयार करना है। बैठक के बाद संगठन द्वारा तहसील में नायब तहसीलदार अंकित मौर्य को मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रमुख मांग सरकार से 2700 क्विंटल गेहूं खरीदने के लिए की गई है। संगठन को सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि आगामी ग्रीष्म फसल मूंग को सरकार खरीदने में असहमति जता रही है जिसका भारतीय किसान संघ कड़ा विरोध करता है और यह मांग करता है कि पिछले वर्षों के अनुभव को देखते हुए अभी से मूंग खरीदी हेतु तैयारी की जाना चाहिए। समर्थन मूल्य की समस्त उपजो को फ्लैट कांटों से खरीद अनिवार्य की जावे। विधानसभा चुनाव के पूर्व के 3100 रूपये क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था उस वादे को निभाया जाए। उक्त मांगो सहित अन्य मांगो का ज्ञापन सौंपने के दौरान पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### खिरकिया में दिव्यांगजनों स्क्रीनिंग की गई

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिले में 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों के चिंहांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद पंचायत प्रागंण खिरकिया में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों से 4910, विद्यालय व छात्रावास में 870 तथा शिविर स्थल पर 289 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में चिन्हांकन कर सभी दिव्यांगजनों एव वृद्धों को विभागीय पेंशन तथा अन्य योजनों से लाभान्वित किया जाएगा।

### एआई फॉर इम्पावरिंग द फ्युचर सेमिनार आज से

**हरदा।** शासकीय पीएमश्री स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एआई फॉर इम्पावरिंग द फ्युचरह विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन 21 व 22 फरवरी को किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने बताया कि इस सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के तुलसी भवन हॉल में किया जाएगा।

### अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन आज

**हरदा।** जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय ने बताया कि 21 फरवरी 2026 को जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों 134-टिमरनी (अजजा) और 135-हरदा की अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में किया जाएगा।

### 25 को सैनिक कल्याण संचालक हरदा आएंगे

**हरदा।** संचालक सैनिक कल्याण मप्र भोपाल ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल (से.नि.) 24 एवं 25 फरवरी को नर्मदापुरम व हरदा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी को वे हरदा जिले के पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं सुनेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर अनुराग सक्सेना (से.नि.) ने बताया कि जिले के सभी पूर्व सैनिक एवं वीरनारियां निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

### ई-ऑफिस संचालन की कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी

**हरदा।** एनआईसी के नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में कार्यपालन यंत्री सोनम वाजपेयी सहित कार्यालय के कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### नरवाई जलाने प्रतिबंधित उल्लंघन पर जुर्माना

**सीहोर।** जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले की खेतों में नरवाई (गेहूं, चना, मसूर के डंठल) जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 19 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में कहा है कि फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी हेतु कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है।

---

पुलिस के बीच पुतला दहन को लेकर झूमाझटकी हुई

# कांग्रेस ने 3 मंत्रियों का पुतला फूंका नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के नारायण टॉकीज चौक पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला दहन को लेकर झूमाझटकी भी हुई, लेकिन कांग्रेस पुतला जलाने में सफल रही। कांग्रेस कार्यकर्ता पुतले लेकर कांग्रेस कार्यालय से नारायण टॉकीज चौक पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने पुतले जलाने का प्रयास किया, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने सीजफायर का उपयोग कर आग बुझाने की कोशिश की। मैहर में पुतला दहन के दौरान एक पुलिस अधिकारी के झुलसने की घटना के बाद पुलिस इस बार अधिक सतर्क थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने बताया कि जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कैबिनेट मंत्री राजेंद्र शुक्ल, विजय शाह और कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश सरकार पर जनहित के मुद्दों पर विफलता और संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए इन मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की है।

कांग्रेस ने मंत्री राजेंद्र शुक्ल पर प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई मौतों के लिए जवाबदेही तय करने का आरोप लगाया। वहीं, मंत्री विजय शाह पर सेना के जवानों और महिलाओं के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने का विरोध किया गया। इसके अतिरिक्त, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के संबंध में जवाबदेही मांगी गई। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से भी तीनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की है। प्रदर्शन का एक प्रमुख कारण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई टिप्पणी ₹औकात में रहो₹ भी था। इस बयान के बाद से प्रदेशभर में राजनीतिक विवाद जारी है। हरदा के नारायण टॉकीज चौक पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास के नेतृत्व में यह पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने नारेबाजी करते हुए मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की।

---

युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने का प्रयास

# स्किल डेवलपमेंट बैठक में 52 युवाओं ने सहभागिता की, आत्मविश्वास जागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से रहटगाँव में स्किल डेवलपमेंट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी देकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के प्रति जागरूक बनाना था।

कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता सलाहकार के रूप में भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय हरदा से सुबोध कुमार जैन सहजकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हरदा से सुरेश धनगर (कार्यक्रम समन्वयक) ने भी सहजकर्ता के रूप में सहभागिता की। सहजकर्ताओं ने युवाओं को बचत की आदत, बैंकिंग प्रक्रियाएं, ऋण सुविधाएं तथा स्वरोजगार,सूचना एवं संचार तकनीक (आर.सी.टी) के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से युवा अपने ही गांव में स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बैठक में वनांचल क्षेत्र के 12 गांव—कैलझिरी, बडवानी, जवारधा,



डोंग, बोथी, महुखाल, आंबा, मन्नासा, खात्माखेड़ा, आमसागर, रेसलपुर और झल्लार—के लगभग 52 युवा साथी शामिल हुए। युवाओं ने अपने भीतर छिपे हुनर और रुचियों की पहचान की तथा संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्साह व्यक्त किया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई

महिला एवं पुरुष युवाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इनमें ब्यूटी पार्लर, महिला दर्जी कार्य, इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, घरेलू विद्युत एवं हाउस वायरिंग, प्लंबिंग एवं सेनेटरी कार्य, टू-व्हीलर मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, कंप्यूटर अकाउंटिंग, बैटरी रिपेयरिंग, ड्राइविंग, सॉफ्टवेयर निर्माण, सॉफ्ट खिलौना निर्माण एवं विक्रय, ज्वेलरी उद्यमिता, अगरबत्ती निर्माण, पापड़-अचार-मसाला निर्माण, फोटो फ्रेमिंग, लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम, कृषि एवं मत्स्य पालन, सब्जी पॉलीहाउस, मशरूम उत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती तथा मधुमक्खी पालन जैसे रोजगारपरक क्षेत्र शामिल हैं। संस्थान द्वारा युवाओं में युथ लीडरशिप विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि वे अपने कौशल के अनुरूप स्थानीय स्तर पर व्यवसाय स्थापित कर सकें। गांव स्तर पर जीवन कौशल, संवैधानिक मूल्यों और आय के विविध स्रोतों पर नियमित सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का विकास हो सके। बैठक के दौरान युवाओं ने खुलकर संवाद किया और विभिन्न व्यवसायों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। प्रेरक उदाहरणों और सरल संवाद के माध्यम से प्रशिक्षकों ने युवाओं का मार्गदर्शन किया, जिससे वे बिना झिझक अपने प्रश्न रख सकें। श्रीचन्द्र पवार, रक्षा हिरवा, पिरथी काजले और संजू उईके भी उपस्थित रहे।

---

विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम संपन्न

# भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम तथा सखी वन स्टॉप सेन्टर, हरदा में भेदभाव मुक्त समाज और समान अवसरों के निर्माण का संकल्प लिया गया साथ ही विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का का आयोजन किया गया। शिविरों में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिरण हरदा चन्द्रशेखर राठौर ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर शिविरों में उपस्थित वृद्धजनों तथा महिलाओं को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस, समाज के भीतर और उनके बीच एकजुटता, सद्भाव और अवसर की समानता को बढ़ावा देते हुए गरीबी, बहिष्कार और बेरोजगारी को दूर करने की कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आह्वान के रूप में कार्य करता है। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा मनाया जाता है। यह दिन इस बात पर भी बल देता है कि शांति, सुरक्षा और सभी मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के सम्मान के बिना सामाजिक न्याय प्राप्त नहीं किया जा सकता है। यह दिन विकास और मानव सम्मान को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के व्यापक मिशन के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होने बताया कि 2009 में शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा फ्लोर जैसी पहल सभी के लिए बुनियादी सामाजिक गारंटी सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। साथ ही उनके द्वारा सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न तथ्यों से अवगत कराया गया तथा न्याय हित में चल रही सरकार की विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नालसा/सालसा की चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थित जनों को बताया कि भारत में सामाजिक न्याय योजनाएं, जो मुख्य रूप से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को शैक्षिक, आर्थिक और पुनर्वास सहायता के माध्यम से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती हैं। प्रमुख पहलों में अनुसूचित जाति के विकास के लिए पीएम-अजय, शिक्षा के लिए श्रेष्ठ और हाशिए पर स्थित समुदायों के लिए स्माइल योजना शामिल हैं। साथ ही भारतीय संविधान में वर्णित हमारे मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों तथा की नालसा/सालसा की चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और उन्हें इस बारे में भी बताया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। शिविर में वृद्धजन, सखी वन स्टॉप सेन्टर की प्रशासक सुचिता इक्का तथा कर्मचारीगण, महिलाएं एवं पैरालीगल वॉलंटियर ज्योति राजपूत एवं शैफाली घावरी इत्यादि उपस्थित रहे।

---

# आयकर अधिनियम 2025 के तहत जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आयकर कार्यालय हरदा द्वारा, नए आयकर अधिनियम 2025 पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आयकर अधिकारी बैतूल देवेन्द्र गर्ग ने बताया गया कि आयकर अधिनियम एक गतिशील कानून है जिसे देश की बदलती आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाने के लिए नियमित रूप से अद्यतन और संशोधन की आवश्यकता होती है। आयकर अधिनियम को आर्थिक परिवर्तन, राजकोषीय नीतियों और सरकारी प्राथमिकताओं को दर्शाने के लिए नियमित रूप से वार्षिक आधार पर अध्ययन किया जाता है इसलिए यह अर्थव्यवस्था, व्यावसायिक वातावरण, मुद्रा स्थिति दरों, आय स्त्रोतों और वैश्विक वित्तीय रुझानों में होने वाले बदलावों के अनुकूल होता है। वर्तमान आयकर अधिनियम को 1961 में अधिनियमित किया गया था। गर्ग ने बताया कि कराधान नीति में संशोधन की उभरती आवश्यकताओं के आधार पर वित्त अधिनियमों के माध्यम से वर्ष दर वर्ष जुलाई 2024 में बजट भाषण में माननीया वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा का उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट,पढ़ने और समझने में सरल बनाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रख कर आयकर अधिनियम 1961 में व्यापक बदलाव के लिए प्रयास हुए। कुछ मुद्दे जो वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 में कई जगह बिखरे हुए थे उन्हें एक जगह रखकर ज्यादा सरल और स्पष्टता प्रदान करने की सफल कोशिश की गई है। अधिकांश बदलाव करदाता की सहुलियत के लिए किए गए हैं। पूर्व वर्ष जिसकी आय का निर्धारण अगले वर्ष, जिसे निर्धारण वर्ष कहा जाता है इन दो परिभाषाओं की जगह एक ही परिभाषा ह्यकर वर्ष रखा गया है। तालिकाओं और सूत्रों के माध्यम से ज्यादा पठनीय और निश्चित बनाने की कोशिश हुई है। विभिन्न कर अपराधों के लिए सजा को कम किया गया है सश्रम कारावास की जगह सामान्य कारावास की व्यवस्था दी गई है। कई अपराधों के लिए केवल फाइन रखा गया है।

गर्ग ने बताया कि नया आयकर अधिनियम, वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 से लगभग आधा है, सरल है, सहज है। लैटिन के शब्दों की जगह सामान्य अंग्रेजी के शब्दों के इस्तेमाल से नया कानून आम करदाता की समझ और अनुपालन बढ़ाएगा। इस सबके परिणामस्वरूप कराधार बढ़ेगा। इसमें करदाताओं द्वारा लंबे समय से दी जाने वाली कई सलाह को समाहित करने का प्रयास किया गया है जिससे करदाता स्वेच्छा से कर अनुपालन कर देश उन्नति में सहयोग दे सके। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय बिल 2026 में प्रस्तावित बदलावों की भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी, हरदा मनोज सोनवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकार, आम करदाता जैसे व्यापारी आदि और वाणिज्य विषय के छात्र-छात्राओं के साथ डिग्री कॉलेज के प्राध्यपकों ने भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित की।

---

# घायल नीलगाय का सफल रेस्क्यू : वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से किया इलाज, जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम थूना में एक घायल नीलगाय का वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सफल रेस्क्यू किया गया। नीलगाय को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।वन विभाग को सूचना मिली थी कि थूना गांव में एक नीलगाय घायल अवस्था में है। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया। नीलगाय को पकड़ने का अभियान पूरी रात जारी रहा। वन विभाग के डिप्टी रेंजर सहित टीम ने काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को सुरक्षित रेस्क्यू किया। घायल नीलगाय की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए थे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को नीलगाय को काबू करने में काफी कठिनाई हुई, क्योंकि वह इधर-उधर भाग रही थी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़ा जा सका।



### प्राथमिक उपचार किया कैसे लगी, पता नहीं

रेस्क्यू के बाद नीलगाय का प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ हद तक स्वस्थ होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह अभी ज्ञात नहीं हो सका है कि नीलगाय आवासीय क्षेत्र में कैसे आ गई थी और उसके घायल होने का कारण क्या था।

---

### कलेक्टर-एसपी कर रहे कुबेरेश्वर धाम का निरीक्षण

**सीहोर।** गत 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में रूद्राक्ष महोत्सव के तहत शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। सभी व्यवस्थाएं एवं सेवायें सुचारू रूप संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरु के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्रम में गुरुवार को भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धाम परिसर में स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा यातायात संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग स्थलों पर सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के निर्देश भी दिए।

---

पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव देखने को मिला

# मौसम बदलाः श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम व जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते 24 घंटों के दौरान जिले में रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे एक बार फिर ठंड लौट आई है। सीहोर में 5.0 एमएम, श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम और जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार दोपहर को तेज धूप के कारण थोड़ी गर्मी बढ़ी थी, लेकिन देर रात से बुधवार सुबह तक रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही।



दिसंबर और जनवरी माह में सीहोर जिले का न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था। फरवरी की शुरुआत के साथ ही मौसम में परिवर्तन देखा गया। पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रहा, जबकि दूसरे सप्ताह में कभी गर्मी तो कभी ठंड का अनुभव हुआ। रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं दोपहर में यह 24 डिग्री तक पहुंच गया था। फरवरी के तीसरे सप्ताह में मौसम ने करवट ली। मंगलवार रात 10 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो रात भर जारी रही और सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। इससे वातावरण ठंडक लौट आई।

---

रुद्राक्ष महोत्सव का छठवां दिन

# विश्वास गुरु के शब्दों पर हो, तो भगवान को आना पड़ताः मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरु केवल मार्ग नहीं दिखाते, वे वह दृष्टि देते हैं जिससे हम ईश्वर को देख सकें। मां शबरी का अपने गुरु मतंग ऋषि के प्रति अटूट विश्वास ही था, जिसने राम को उनकी कुटिया तक खींच लाया। श्रवण, सत्संग और जप का प्रभाव क्या होता है, माता शबरी को भगवान श्रीराम ने बताया था, श्रीराम ने माता शबरी से कहा कि मैं परीक्षा से नहीं मिलता मैं तो भरोसा और प्रतीक्षा से प्राप्त होता हूं।

कहा जाता है कि जब ऋषि मतंग मृत्यु के निकट थे, तब वृद्धावस्था पा चुकीं शबरी ने उनसे पूछा कि आप जैसा ज्ञान, वैराग्य और प्रभु के दर्शन मुझे कैसे प्राप्त होंगे। ऋषि मतंग ने देह त्यागने से ठीक पहले उन्हें वरदान दिया कि निःस्वार्थ सेवा के लिए तुम्हें न केवल प्रभु के दर्शन मिलेंगे, बल्कि भगवान राम खुद चलकर तुम्हारे पास आएंगे। तब से शबरी भगवान राम के आगमन की प्रतीक्षा में लग गयी थीं। उसके उपरांत उसकी मनोकामना पूरी हुई।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के छठवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। देर रात्रि को समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने बाबा का पांच क्विंटल से अधिक फूलों से विशेष श्रृंगार किया था, वहीं गुरुवार को फुलेरा दूज के मौके पर यहां पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पर दर्शन किए।

श्रद्धालुओं को समिति की ओर से 200 क्विंटल से अधिक आटे की रोटी, 100 क्विंटल खिचड़ी, 90 क्विंटल से अधिक हलवे की प्रसादी और 20 क्विंटल नमकीन आदि की भोजन प्रसादी का वितरण किया। व्यासपीठ पर पहुंचे कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है, हमारे प्रिंय अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का आदर करते हुए कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है।